
FURRY FRIENDS

Pics: @imouniroy





मौनी रॉय ने अपने क्यूट pets के साथ कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह अपने प्यारे पेट चियो और आर्थर के साथ खेलती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए मौनी ने लिखा, 'चांद पर लवर्स।'

# 'Gen Z वह पीढ़ी है, जो एंजॉय करना जानती है'

@janki.bodiwala

उपमा सिंह

जानकी बोडीवाला गुजराती सिनेमा का जाना-पहचाना चेहरा बनने के बाद अब बॉलिवुड में भी अपने कदम मजबूत कर रही हैं। गुजराती फिल्म वश में जबरदस्त अभिनय के लिए नैशनल अवॉर्ड जीतने वाली जानकी अजय देवगन-आर माधवन स्टारर हिंदी फिल्म शैतान के बाद हाल ही में रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 में भी नजर आईं। वह खुद Gen Z (1997-2012 में पैदा होने वाली पीढ़ी) हैं। इस पीढ़ी को लेकर वह कहती हैं, 'दरअसल, Gen Z से पहले की पीढ़ी इतनी सीरियस थी कि उनको लगता है कि Gen Z सीरियस नहीं है। लेकिन Gen Z वो पीढ़ी है, जो अपनी जिंदगी खुशी-खुशी जी रही है। वो युद्ध या झगड़ों में नहीं मानती। वह बस अपनी जिंदगी खुशी से जीना चाहती है।'

## 'पापा ने कहा ऑडिशन दे दो'

डेंटिस्ट बनने जा रहीं जानकी कैसे ऐक्टिंग लाइन में पहुंचीं? इस पर वह कहती हैं, 'मैं डेंटिस्ट की पढ़ाई कर रही थी। ब्रेक चल रहा था। पापा ने पूछा कि उनके कोई दोस्त फिल्म बना रहे हैं, तुम ऑडिशन देने जाओगी? मुझे थोड़ी हैरानी हुई, पर मुझे लगा कि ट्राई करते हैं। सच कहूं तो मेरा वह ऑडिशन बहुत अच्छा नहीं था, पर मेरे डायरेक्टर कृष्णदेव याग्निक ने कहा कि अगर तुम फिल्म करने को राजी हो तो मैं तुम्हें ट्रेंड कर सकता हूं। मैंने वह फिल्म छेल्लो दिवस की और वह लोगों को बहुत पसंद आई।'



जानकी बोडीवाला



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ जानकी बोडीवाला

## 'नैशनल अवॉर्ड जीतना मेरे लिए बेहद खास पल था'

जिस दिन जानकी को नैशनल अवॉर्ड मिला, उसी दिन उनकी मर्दानी 3 की को-ऐक्टर रानी मुखर्जी को अपने तीन दशक लंबे करियर का पहला यह पुरस्कार मिला। इस पर वह कहती हैं, 'जब नैशनल अवॉर्ड अनाउंस हुआ था तो हम आधी फिल्म शूट कर चुके थे। उसके बाद जब हम सेट पर मिले तो एक छोटा सा जश्न भी मनाया। एक-दूसरे को बधाई दी। यह बहुत ही बड़ी बात थी हम दोनों एक ही फिल्म कर रहे थे और हम दोनों को एक ही साल में नैशनल अवॉर्ड मिला। यह बहुत खास पल था।'

# ट्रोल्स से निपटने के लिए ये तरीका अपनाती हैं समैंथा

@samantharuthprabhuoffl



समैंथा रुथ प्रभु को सोशल मीडिया पर अपने लाखों फैंस से प्यार मिलता रहता है। लेकिन इसी बीच उनको कुछ ट्रोल्स का भी सामना करना पड़ता है। अब समैंथा ने साझा किया है कि वह ऑनलाइन मिलने वाली नेगेटिविटी से कैसे निपटती हैं। बीते दिनों हुई एक बातचीत के दौरान जब एक फैन ने समैंथा से पूछा कि आप सोशल मीडिया पर मिलने वाले कमेंट्स को पढ़कर कैसा महसूस करती हैं? तो उन्होंने जवाब दिया, 'मैं तारीफ सुनकर ज्यादा नहीं पिघलती और ना ही ट्रोल्स से मुझे कोई खास फर्क पड़ता है। लेकिन अगर आप मेरे घर में नेगेटिविटी लाएंगे, तो मैं आपको ब्लॉक कर दूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'जिस तरह मैं अपने आसपास की कोई भी जगह साफ रखती हूं, उसी तरह मैं इस जगह को भी साफ रखती हूं। ब्लॉक होने का मतलब यह नहीं है कि आपने मुझ पर असर डाला है। इसका मतलब बस इतना है कि आपकी यहां कोई भी जगह नहीं है।'

> अगर आप मेरे घर में नेगेटिविटी लाएंगे, तो फिर मैं आपको ब्लॉक कर दूंगी

# मेरी ऐक्टिंग पर लोगों ने सवाल उठाए: टिमोथी

@tchalamet



> अपने जीवन में उन लोगों से सावधान रहें, जिन्हें सुनने से ज्यादा हमेशा आपको सलाह देने में मजा आता है

इन दिनों टिमोथी शैलेमे अपने करियर के पीक पर हैं। एक समय ऐसा भी था जब लोगों को उनकी ऐक्टिंग पर संदेह था। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि कैसे करियर की शुरुआत में उनके को-ऐक्टर ने उनके टैलंट और ट्रेनिंग पर सवाल उठाए थे। टिमोथी ने कहा, 'नाम नहीं लूंगा, लेकिन वह इंसान बदतमीज था। उसने मुझसे पूछा कि मैं किस ऐक्टिंग स्कूल से पढ़कर आया हूं।'

## 'सलाह देने वालों से दूर रहें'

टिमोथी ने यह भी बताया कि अब ऐसी बातें उन्हें प्रभावित नहीं करतीं। बकौल टिमोथी, उन्होंने उन लोगों से दूर रहना सीख लिया है, जिन्हें सुनने से ज्यादा सलाह देने में मजा आता है। टिमोथी ने कहा, 'मैं हमेशा कहता हूं कि जीवन में उन लोगों से सावधान रहें, जिन्हें आपको सलाह देने में आपसे ज्यादा मजा आता है।'

SCAN TO BOOK
Your tickets instantly

3-4 MARCH 2026
Tivoli Garden Resort, Gt Karnal Road

NON-STOP 24-HOUR CELEBRATION

RANG BARSE
2026

4
DAYS LEFT

Presented by
Event Nation For You

Grab Your Passes Now

OFFICIAL PARTNERS
Delhi Times | Haldiram's | YES BANK

@eventnationforyou | www.eventnationforyou.in

GOODCARE
Authentic Ayurveda

सर्वोत्तम क्वालिटी शुद्ध तेल
प्रिज़र्वेटिव रहित • कृत्रिम रंग रहित

फायदे:
रोगन बादाम तेल:
त्वचा एवं बालों को पोषण दे, तेज़ और सक्रिय दिमाग के लिए।
तिल तेल:
त्वचा को पोषण दे, रूसी दूर करे।
कोल्ड प्रेस्ड नीम तेल:
संक्रमण दूर कर त्वचा को स्वस्थ रखे।
कोल्ड प्रेस्ड एरण्ड तेल:
कब्ज़ से राहत दिलाए, त्वचा एवं बालों के लिए गुणकारी।
लौंग तेल:
दांत और मसूड़ों के दर्द एवं मुंह के छालों में लाभदायक।




www.baidyanath.com
Available at your nearby Ayurvedic & chemist stores
amazon Flipkart TATA 1mg
8745898114

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in